# वन शोल्डर ड्रेस


*इस ट्यूटोरियल में हम वन शोल्डर ड्रेस बनाएंगे*



**सामग्री की सूची**

45 इंच चौड़ा 3 मीटर चमकीला कपड़ा। हमने सेक्विन का कपड़ा लिया है।
45 इंच चौड़ा 4 मीटर सफेद साटन का कपड़ा।
45 इंच चौड़ा 4 मीटर सफेद अस्तर का कपड़ा।
2.5 मीटर कैनकन
वन शोल्डर ड्रेस के लिए टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
बीडेड पिन
चॉक
कैंची
नापने वाला फीता
मैचिंग धागे
8 इंच कन्सील्ड ज़िपर
उषा जेनोम जिपर फुट






हम टेम्पलेट के अनुसार कपड़े को काटना सीखेंगे, मुख्य, साटन और अस्तर के कपड़े के स्कर्ट के पीस तैयार करेंगे और उसके बाद योक बनाएंगे और फिर अंत मे योक को ज़िप के साथ स्कर्ट से जोड़ेंगे।

## चरण 1: टेम्प्लेट का निशान लगाना और कपड़े को काटना



तो आइये शुरू करते हैं। स्कर्ट पोशन के लिए रंगीन और चमकीला कपड़ा लें। इसे पूरी तरह खोलें, इसका प्रिंटेड साइड आपकी तरफ हो और इसे लंबाई में आधा फोल्ड करें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। यह हमारा उल्टा हिस्सा होगा और यह हमारा सीधा हिस्सा होगा। यह कपड़े का फोल्ड है।


अब www.ushasew.com से डाउनलोड किए गए स्कर्ट के टेम्प्लेट को कपड़े पर रखें। टेम्प्लेट रखते समय सुनिश्चित करें कि जिस साइड पर ऑन-फोल्ड लिखा हो वह कपड़े के फोल्ड के ऊपर आये जैसा कि दिखाया गया है। अब इस सही जगह रख के बीडेड पिन लगा दें। ये करने के बाद पिन लगाए गए टेम्पलेट के अनुसार कपड़े पर चाक से निशान लगा लें। स्कर्ट के घुमाव पर अतिरिक्त सावधानी बरतें। निशान लगाने के बाद टेम्पलेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें।





इसके बाद निशान लगाए गए टेम्पलेट को कैंची से काट लें। संक्षेप में, यह कपड़े का उल्टा हिस्सा है और यह सीधा हिस्सा है।










जैसा कि आप देख सकते हैं स्कर्ट का एक साइड फोल्ड पर है। इसी तरह हम मुख्य टेम्पलेट से स्कर्ट का एक और टुकड़ा काटेंगे। अब साटन और अस्तर के कपड़े को भी उसी टेम्पलेट का उपयोग करके उसी तरह से काटना है। कुल मिलाकर हमारे पास अस्तर, साटन और मुख्य कपड़े के दो-दो टुकड़े होंगे।

हमने स्कर्ट के सभी टुकड़े काट लिए हैं, अब ड्रेस के शीर्ष पर काम करेंगे। साटन का कपड़ा लें और इसे मोड़ें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। जिस टेम्पलेट पर योक लिखा हो इसके ऊपर रखें। टेम्पलेट को कपड़े पर रख के बीडेड पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की दोनों परतों से होकर गया हो। फिर चाक लें और टेम्पलेट के अनुसार कपड़े पर निशान लगा लें। निशान लगाने के बाद, टेम्प्लेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें। यदि आवश्यक हो तो काटते समय अतिरिक्त स्थिरता के लिए कपड़े पर फिर से पिन लगा सकते हैं। फिर कैंची से योक का पीस काट लें। घुमावदार किनारों पर अतिरिक्त सावधानी बरतें। योक से पिन निकालें ,और आपके पास दो अलग-अलग पीस होने चाहिए। अस्तर के कपड़े पर भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी ताकि आपके पास योक के चार अलग-अलग टुकड़े हों, 2 साटन के कपड़े के और 2 अस्तर के कपड़े के।

## चरण 2: मुख्य और साटन के कपड़े से स्कर्ट के टुकड़े तैयार करना










मुख्य कपड़े को खोलें और बैक के कपड़े को फ्रंट के ऊपर रखें, और किनारों को पूरी तरह से मिलाएं। याद रखें यह उल्टा हिस्सा है और यह सीधा हिस्सा है। कपड़े के सीधे हिस्से आमने सामने होने चाहिए। हमें ट्यूटोरियल में बताए अनुसार साइड सीम को सिलना है। आसानी से सिलने के लिए दो कपड़ों पर एक साथ पिन लगाएं। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। किनारों को मिलाएं और इन्हें सही जगह कर के पिन लगा दें, लेकिन सिलने से पहले हमें ज़िप के लिए शीर्ष से 2.5 इंच पर एक निशान बनाना होगा। हम इस निशान से सिलना शुरू करेंगे और ऊपर से खुला छोड़ देंगे। इस निशान पर पिन लगाएं।

ये करने के बाद मुख्य कपड़े को एक तरफ रख दें और साटन के कपड़े पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। किनारों का मिलाएं और पिन लगा दें। 2.5 इंच के ज़िप गैप पर निशान लगाएं और पिन लगा दें। हम साइड सीम को सिलेंगे और नीचे के हेम को फिनिश करेंगे।

पिन किए हुए कपड़ों को अपनी उषा जेनोम माई फैब बार्बी सिलाई मशीन पर ले जाएं। हम मुख्य कपड़े से शुरू करेंगे। कपड़े के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। रिवर्स टांके से शुरू करें और धीरे-धीरे और लगातार स्कर्ट के ऊपर की ओर सिलें। 2.5 इंच के निशान पर रुकें जो हमने ज़िप के लिए छोड़ा है।









रुकने से पहले सीधे टांको को मजबूत करने के लिए अंत में रिवर्स टांके लगाएं। धागे और किसी भी अतिरिक्त कपड़े को काटें, और मुख्य कपड़े के दूसरी तरफ जाएं। दूसरी तरफ पूरा सिलें। इसे सिलने के बाद मुख्य कपड़े को एक तरफ रख दें और साटन के कपड़े पर साइड सीम को सिलें। इसे भी पूरी तरह से सिलें और सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। यही प्रक्रिया साटन के कपड़े के दूसरी तरफ भी दोहराई जाएगी, लेकिन याद रखें कि ऊपर से अंत में मुख्य कपड़े के समान 2.5 इंच का गैप छोड़ दें। ये करने के बाद ज़िग-ज़ैग टांके के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और सिलाई की लंबाई को 1.5 पर सेट करें। किनारे पर सिलना शुरू करें। ज़िग-ज़ैग टांके रेशमी कपड़े के किनारों को उधड़ने से रोकते हैं। 2.5 इंच के गैप पर पहुंच के रुक जाएं और धागा काट लें। हमें प्रत्येक परत पर अलग-अलग सिलाई करनी होगी। ऊपरी परत को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सिलना शुरू करें। धागा काटें और निचली परत के लिए भी यही दोहराएं। ये करने के बाद धागे को काट लें और स्कर्ट के दूसरे किनारे पर भी ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। हमारे साइड सीम सिल गए हैं। अब निचले हेम पर काम करेंगे।











ट्यूटोरियल मे दिखाए अनुसार नीचे के हिस्से को दो बार आधा-आधा इंच मोड़ें। हम फोल्ड पर सिलाई करेंगे। सिलाई शुरू करने से पहले कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें। लेकिन शुरू करने से पहले सीधी सिलाई के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर सेट करना याद रखें। सिलना शुरू करें। नीचे की ओर सिलते हुए फोल्ड करते रहें। ये करने के बाद धागा काट लें। इसके बाद आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। इसी तरह हम मुख्य कपड़े के निचले हेम को सिलेंगे। कपड़े को नीचे से चौथाई इंच दो बार मोड़ें और फोल्ड के ऊपर सिलें। चूंकि कपड़ा नाजुक है इसलिए सिलते समय आराम से मोड़ें।जैसा कि आप देख सकते हैं हमने साटन के कपड़े पर साइड सीम को सिल दिया है और नीचे हेम किया है। हमने मुख्य कपड़े के किनारों को भी सिल दिया है और नीचे हेम किया है।


## चरण 3: कैनकन के साथ अस्तर का कपड़ा तैयार करना



अब अस्तर के कपड़े पर काम करेंगे। आपके पास अस्तर के दो टुकड़े होने चाहिए, एक फ्रंट के लिए और एक बैक के लिए; लेकिन अभी हम सिर्फ एक पर काम करेंगे। 2.5 मीटर कैनकन का कपड़ा लें। इसे आधे मे मोड़कर काट लें। एक आधे हिस्से को अलग रखें और दूसरे आधे हिस्से को आधे में मोड़ लें। हम इसे अस्तर के कपड़े से जोड़ेंगे लेकिन इससे पहले अस्तर के कपड़े पर ऊपर से 4 इंच का निशान लगा दें। स्कर्ट पीस के वेस्टलाइन पर सब जगह ऐसा ही करें। अस्तर के कपड़े को खोलें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार 4 इंच का निशान लगाते रहें। ये करने के बाद, कैनकन के कपड़े को लें जो, 1 ¼ मीटर होना चाहिए, और इसे आधे में मोड़ें। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार 4 इंच के निशान पर कैनकन के कपड़े को अस्तर के कपड़े के साथ पिन लगा दें। कैनकन को कपड़े पर पिन लगाते हुए प्लीट्स बनाते रहें। प्लीट्स का साइज ¾ इंच होगा। जब आप कपड़े के केंद्र में पहुंचे तो दूसरे छोर पर जाएं और वहां से इस प्रक्रिया को फिर से शुरू करें ताकि प्लीट्स को केंद्र में एडजस्ट किया जा सके।





पिन लगाने के बाद आपकी प्लीट्स इस तरह दिखनी चाहिए। यही प्रक्रिया अस्तर के कपड़े के दूसरे टुकड़े पर भी दोहराई जाएगी। दूसरा टुकड़ा तैयार हो जाने के बाद हम अस्तर के दोनों टुकड़ों को एक साथ जोड़ेंगे। दोनो कपड़ों को एक दूसरे के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अब प्लीट्स, साइड सीम को सिलने और निचले हिस्से को हेम करने का समय है।







पिन किए गए कपड़ों को सिलाई मशीन पर ले जाएं। अब अस्तर के एक कपड़े पर काम करेंगे और सिलना शुरू करें। प्लीट्स को आराम से सिलें और सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें, यह प्रक्रिया थोड़ी मुश्किल हो सकती है, और चोट से बचने के लिए सिलाई करते समय अपनी उंगलियों पर ध्यान दें। दूसरे कपड़े पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। सिलने के बाद प्लीट्स इस तरह दिखने चाहिए। अब दोनो कपड़े के साइड सीम को संरेखित करें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। कमर से शुरू करें और नीचे तक सिलें। सिलने के बाद, धागा काट लें।





दूसरी तरफ ज़िप के लिए ऊपर से 2.5 इंच छोड़ना याद रखें और सिलना शुरू करें। टांको को मजबूत करने के लिए शुरुआत में और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। ये करने के बाद नीचे के हिस्से पर काम करेंगे। पहले की तरह कपड़े को दो बार आधा-आधा इंच मोड़ें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें और फोल्ड पर सिलें। कपड़े के चारों तरफ सिलें और सिलने के साथ-साथ फोल्ड करते रहें।




जैसा कि आप देख सकते हैं हमने कैनकन को अस्तर के कपड़े से जोड़ दिया है और साइड सीम को सिल दिया है।

चरण 4: योक तैयार करना








अब हम वन शोल्डर ड्रेस के ऊपरी भाग पर काम करेंगे। हमारे पास साटन का कपड़ा और अस्तर का कपड़ा तैयार है। अब कंधों पर सिलाई करके टुकड़ों को जोड़ दें। अस्तर के फ्रंट को बैक के टुकड़े पर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अस्तर के कपड़ों के कंधे को एक साथ पिन लगाएं। फिर मुखय कपड़ों पर एक साथ पिन लगाएं।
पिन लगाए गए कपड़ों को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। साटन के कपड़े के कंधे के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। रिवर्स टांके लगाना न भुलें। ये करने के बाद धागा काट लें और अस्तर के कपड़े के कंधों को भी सिल दें।




जैसा कि आप देख सकते हैं हमने अस्तर के साथ-साथ मुख्य कपड़े के कंधों को भी सिल दिया है। अब कपड़े को खोलें, और अस्तर के कपड़े को साटन के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अब हमें आर्महोल, नेकलाइन और साइड सीम को सिलना है। आइए पहले आर्महोल से शुरू करें, कपड़े को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। इसके बाद नेकलाइन पर काम करें।








ये करने के बाद गोलाकार भाग पर नॉच बनाएं जो आर्महोल और नेकलाइन है ताकि पहनने के बाद कपड़ा अच्छी तरह से फिट बैठे। ध्यान दें कि टांके न कटे। ये करने के बाद कपड़े को अंदर से बाहर की ओर पलटें और घुमावदार सीम को धीरे से दबाएं। अब हम नेकलाइन पर ¼ इंच टॉप स्टिच लगाएंगे। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सिलना शुरू करें। नेकलाइन सिलने के बाद आर्महोल सेक्शन पर भी टॉप स्टिच दोहराएं।

अब हम साइड सीम पर काम करेंगे। हमें अभी केवल एक साइड सीम सिलने की जरूरत है। सिलना शुरू करें और शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें।


सिलने के बाद इस तरह दिखना चाहिए, हमें दूसरी तरफ अभी भी सीम सिलना है लेकिन इससे पहले हम स्कर्ट को योक से जोड़ेंगे।

## चरण 5: योक को स्कर्ट से जोड़ना







अभी के लिए योक को एक तरफ रख दें, क्योंकि हम स्कर्ट तैयार करेंगे। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार अस्तर के कपड़े को टेबल पर रहने दें, इसके ऊपर साटन का कपड़ा रखें, इसके बाद मुख्य कपड़ा रखें। कपड़ों को संरेखित करें और सभी कपड़ों की कमर पर बीडेड पिन लगा दें। पिन लगाने के बाद इन्हें टेबल पर बिछा दें, जैसा कि आप देख सकते हैं कि हमारे पास ज़िप के लिए खुला हुआ हिस्सा है।

इसके बाद योक का टुकड़ा लें। हम योक की वेस्टलाइन को स्कर्ट की वेस्टलाइन पर पिन लगाएंगे, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। कमर के चारों ओर पिन लगाएं। सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की सभी परतों के माध्यम से जाए। हमें खुले हुए हिस्से पर ज़िप भी लगाना होगा।


सभी टुकड़ों को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। सभी स्कर्ट के टुकड़ों को योक के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। सुनिश्चित करें कि कपड़े के सभी टुकड़े योक के साथ एक साथ सिल रहे हों।

एक अच्छे फिनिश के लिए सीधी सिलाई के बाद ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और सिलाई की लंबाई को 1.5 पर सेट करें और सिलना शुरू करें। ज़िग-ज़ैग टांके लगाने के दौरान रिवर्स टांके लगाने की आवश्यकता नहीं होती।














ये पूरा होने के बाद आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। अब जिप को अटैच करने के लिए जिप के दायें साइड को बिना सिले हुए कपड़े के दायीं तरफ रखें और पिन लगा दें। जिप को ड्रेस में सिलने के लिए अपने उषा जेनोम माई फैब बार्बी सिलाई मशीन के रेगुलर प्रेसर फुट को हटा के जिपर फुट लगाएं। सीधे टांके के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर रीसेट करें। ज़िप को खोलें और ज़िप के एक हिस्से को ड्रेस के एक हिस्से पर सिलें। ये करने के बाद कपड़े को अंदर से बाहर की ओर पलटें और ज़िप के दूसरे हिस्से को दूसरे खुले हुए हिस्से पर सिल दें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। जिप अब ड्रेस में सिल गई है। हम इसके आलावा जिपर के दोनों तरफ खांचे में टांके लगाएंगे।

सिलने के बाद ये इस तरह दिखना चाहिए। लेकिन ये अभी तक पूरा नही हुआ है। अंतिम चरण को पूरा करने के लिए ज़िपर फुट को रेगुलर फुट से बदलें। मशीन को ज़िग-ज़ैग स्टिच के लिए सेट करें। अस्तर के कपड़े पर मजबूती से जोड़ने के लिए एक बार फिर से जिप के ऊपर सिलें। जिप के दोनों साइड पर सीलें। और ये हो गया!

जैसा कि आप देख सकते हैं हमने जिप के साथ योक को स्कर्ट से जोड़ दिया है।

आप जिस तरह से चाहें इस ड्रेस को सज़ा सकते हैं। हम आस्तीन पर एक प्यारे फूल के ब्रोच के साथ कमर पर एक सुंदर लैस का टुकड़ा लगा रहे हैं। मैचिंग एक्सेसरीज़ के साथ इस शानदार गुलाबी ड्रेस में आपकी लड़की वास्तव में एक राजकुमारी की तरह महसूस करेगी।नीचे कमेंट सेक्शन मे हमें बताएं कि आपको यह ट्यूटोरियल कैसा लगा और इसके अलावा आप और क्या देखना चाहेंगे। और इसे अपने सिलाई वाले मित्रों के साथ शेयर करना न भूलें।